यूनिट–5

निर्धनता

- निर्धनता वह स्थिति है जिसमें एक व्यक्ति जीवन की आधारभूत आवश्यकता को पूरा करने में असमर्थ रहता है।
- निर्धनता के प्रकार
- क) सापेक्ष निर्धनता – इसका अभिप्राय अन्य व्यक्तियों, क्षेत्रों या राष्ट्रों की तुलना में लोगों की गरीबी से होता है।

  ख) निरपेक्ष गरीबी – इसका अभिप्राय गरीबी रेखा से नीचे रहने वाले व्यक्तियों की कुल संख्या से होता है।
- निर्धनता रेखा का निर्धारण –
- न्यूनतम कैलोरी – शहरी क्षेत्र में 2100 तथा ग्रामीण क्षेत्र में 2400 कैलोरी प्रति व्यक्ति प्रतिदिन उपभोग करने वाले लोग गरीबी रेखा के उपर माने जाते हैं।
- न्यूनतम कैलोरी का मौद्रिक मूल्य – इसके अनुसार शहरी क्षेत्र में ₹ 1000 तथा ग्रामीण क्षेत्र में ₹816 प्रति व्यक्ति मासिक व्यय करने वाला गरीबी रेखा के उपर है।
- निर्धनता की श्रेणी

  क) चिरकालिक निर्धन – वे व्यक्ति जो सदैव निर्धन होते हैं।

  ख) अल्पकालिक निर्धन – वे व्यक्ति जो कभी निर्धनता रेखा के उपर कभी नीचे रहते हैं।

  ग) गैर निर्धन – वे कभी निर्धन नहीं होते हैं।



- निर्धनता के कारण

  क) बेरोजगारी

  ख) विकास की धीमी गति

  ग) कीमतों में वृद्धि

  घ) जनसंख्या वृद्धि

https://www.evidyarthi.in

- निर्धनता निवारण हेतु उपाय एवं नीतियाँ –
  1. काम के बदले अनाज योजना
  2. प्रधानमंत्री रोजगार योजना
  3. मनरेगा (महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गारंटी अधिनियम)
  4. स्वर्ण जयंती शहरी रोजगार योजना
- गरीबी उन्मूलन कार्यक्रमों की आलोचनात्मक समीक्षा
- सकारात्मक प्रभाव
  1. देश में गरीबों की संख्या में लगातार गिरावट आई
  2. देश में गरीबों की प्रति व्यक्ति आय में वृद्धि हुई
- सीमाएँ –
  1. गरीबी की स्पष्ट परिभाषा के अभाव में गैर निर्धन भी इस कार्यक्रम से लाभ ले लेते हैं।
  2. कार्यक्रम के कुशल कार्यान्वयन का अभाव
  3. अधिकतर गरीब अनपढ़ है जिन्हें कार्यक्रम की समझ नहीं है।

1 अंकवाले प्रश्न

1. गरीबी को परिभाषित करो।
2. निर्धनता रेखा को परिभाषित करें।
3. निर्धनता निवारण के लिए सरकार द्वारा चलाए गये दो कार्यक्रम लिखिए।
4. निरपेक्ष निर्धनता कैसे मापी जाती है ।
5. सबसे अधिक गरीब प्रदेश कौन–कौनसे हैं ?

3 या 4 अंक प्रश्न

1. निर्धनता से आप क्या समझते हैं ? निरपेक्ष एवं सापेक्ष निर्धनता में भेद करें।
2. सरकार द्वारा गरीबी निवारण के लिए अपनाए गये त्रि आयामी प्रहार को समझाइए।
3. किस प्रकार से जनसंख्या में वृद्धि निर्धनता को बढ़ाता है ?

https://www.evidyarthi.in

4. टिप्पणी कीजिए –

   क) नरेगा (MNREGA)   ख) काम के बदले अनाज

5. दिखाइए किस प्रकार से आय की असमानता निर्धनता का एक प्रमुख कारण है?

6. निर्धनता के तीन प्रमुख कारण बताइए ?

छः अंक प्रश्न –

1. क्या बेरोजगारी एवं निर्धनता में कोई सम्बंध है? इसके समर्थन में तीन तर्क दीजिए ।

2. निर्धनता निवारण के लिए सरकार द्वारा चलाए जा रहे कार्यक्रम का अलोचनात्मक मूल्यांकन करें।

एक अंक वाले प्रश्न –

1. वह स्थिति जिसमें एक व्यक्ति जीवन की आधारभूत आवश्यकता को पूरा करने में असमर्थ रहता है।

2. तेंदुलकर समिति के अनुसार भारत में ग्रामीण क्षेत्र में रहने वाले प्रति व्यक्ति को प्रतिमाह कम से कम 816 रु. तथा शहरी क्षेत्र में रहने वाले प्रति व्यक्ति कम से कम 1000 रु. उपभोग के लिए अवश्य प्राप्त होने चाहिए। इसे निर्धनता रेखा माना गया है ।

3. 1) मनरेगा   2) काम के बदले अनाज योजना

4. इसका अभिप्राय निर्धनता रेखा के नीचे रहने वाले व्यक्तियों की कुल संख्या से होता है।

5. पश्चिम बंगाल, उत्तर प्रदेश, बिहार

https://www.evidyarthi.in